सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

पंचदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 02 पौष, 1936 (श0) / 23 दिसम्बर, 2014 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 01

(1) खान एवं भूतत्व विभाग	.. ..	01
	कुल योग —	01

कार्रवाई करना

1. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पर्यावरण का भट्ठा बैठा रहा ईंट भट्ठा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में करीब सात हजार ईंट भट्ठे संचालित हैं जिनमें से मात्र डेढ़ हजार ने ही पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण-पत्र लिया है तथा साढ़े पाँच हजार ईंट भट्ठे बिना पर्यावरण क्लीयरेंस के ही अवैध ढंग से चल रहे हैं जिस कारण पर्यावरण मानकों का पालन नहीं होने से प्रदूषण समेत कई समस्यायें बढ़ रही हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार खनिज नियमावली के अनुसार ईंट भट्ठा खोलने से पहले संचालक को एस0ई0आई0ए0ए0 या सिया (स्टेट एनवायरमेंट इंपैक्ट एसेसमेंट ऑथोरिटी) से पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिना पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण-पत्र लिये संचालित ईंट भट्ठों के विरुद्ध अबतक कार्रवाई नहीं करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 23 दिसम्बर, 2014 (ई0) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 122-डी0टी0पी0-450